एक लाख का इनामी गैंगस्टर राजवीर उर्फ लारा रेवाड़ी से गिरफ्तार

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने गैंगस्टर राजवीर गुर्जर उर्फ लारा निवासी खैरोली थाना महेंद्रगढ़ (हरियाणा) को रेवाड़ी से गिरफ्तार किया

- **बहरोड थाने पर फायरिंग कर कुख्यात गैंगस्टर पपला गुर्जर को छुड़ाकर ले जाने का है आरोपी**
- **गैंगस्टर पपला गुर्जर के गांव का ही रहने वाला है राजवीर उर्फ लारा, करीब छह साल से फरार चल रहा था**
- **गैंगस्टर राजवीर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एके 56 रायफल मय डबल मैग्जीन व सात जिन्दा कारतूस बरामद किये**

जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर 5 साल 8 महीने पहले थाना बहरोड पर एके-47 एवं अन्य अत्याधुनिक हथियारों से हमला कर हवालात में बंद कुख्यात गैंगस्टर विक्रम गुर्जर उर्फ पपला को भगाने के मामले में फरार चल रहे साथी गैंगस्टर राजवीर गुर्जर उर्फ लारा (32) निवासी खैरोली थाना महेंद्रगढ़ (हरियाणा) को रेवाड़ी से गिरफ्तार कर लिया है। इनामी गैंगस्टर राजवीर उर्फ लारा की गिरफ्तारी पर पुलिस मुख्यालय से एक लाख रुपये का इनाम घोषित है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि 5-6 सितम्बर 2019 की रात हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर विक्रम गुर्जर उर्फ पपला निवासी खैरोली जिला महेन्द्रगढ़ को भिवाड़ी जिले की बहरोड़ थाना पुलिस ने एक स्कॉर्पियो एवं 31.90 लाख रुपए नगद सहित गिरफ्तार किया था। अगले दिन गैंगस्टर राजवीर गुर्जर उर्फ लारा सहित अन्य 30 से अधिक बदमाश एके-47 एवं अन्य अत्याधुनिक हथियारों के साथ बहरोड़ थाने पर हमला कर हवालात में बंद पपला गुर्जर को छुड़ाकर भगा ले गए थे। एडीजी एमएन ने बताया कि इस घटना के 17 महीने बाद 27-28 जनवरी 2021 को भिवाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में ईआरटी के कमांडो की टीम द्वारा विक्रम गुर्जर उर्फ पपला को उसकी महिला मित्र जिया के साथ महाराष्ट्र के कोल्हापुर से गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस अब तक 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी गैंगस्टर राजवीर गुर्जर उर्फ लारा घटना के वक्त से ही फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए उनके कार्यालय से एक लाख के इनाम की घोषणा की गई।

एमएन ने बताया कि फरार इनामी गैंगस्टर राजवीर की तलाश व गिरफ्तारी के लिए उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव के समन्वय व एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त शर्मा के सुपरविजन एवं उप अधीक्षक पुलिस फूलचन्द टेलर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। आरोपी राजवीर की तलाश एवं धरपकड़ को एजीटीएफ ने "ऑपरेशन लारा" नाम दिया। इनामी बदमाश राजवीर बचपन में क्रिकेट का अच्छा खिलाडी था, इस कारण गांव में राजवीर को लारा नाम से पुकारते थे।

राजवीर की तलाश के प्रयासों के दौरान सामने आया कि आरोपी अपने पास ना तो मोबाइल रखता था और ना ही सोशल मीडिया का उपयोग करता था। ऑपरेशन लारा के दौरान एजीटीएफ द्वारा मुखबिर तंत्र मजबूत किया जाकर जमीनी स्तर पर कार्य कर गैंगस्टर राजवीर को रेवाडी हरियाणा से पकड़ा। इस कार्य को अंजाम देने के लिए भिवाड़ी हाल एजीटीएफ के कांस्टेबल सुधीर कुमार को लगाया गया था।

गैंगस्टर राजवीर ने गत 6 वर्षों के दौरान लगभग 18-20 राज्यों विजय नगर कर्नाटक, कोल्हापुर, नासिक महाराष्ट्र, गोवा, प्रयागराज उत्तर प्रदेश, हरियाणा व दिल्ली के विभिन्न जिलों में अपनी पहचान छुपाते हुए फरारी काटी है। इस दौरान इसने अनेक बार भेष बदला व दक्षिणी भारत में विभिन्न अखाड़ों में रहा ताकि पुलिस को चकमा दिया जा सके। अधिकतर समय बसों व ट्रेनों में लम्बी-लम्बी यात्राएं अलग-अलग नामों से की। किसी भी स्थान पर लम्बे समय तक नहीं रहा। आरोपी गैंगस्टर राजवीर उर्फ लारा गंभीर प्रवृति के अपराध करने का आदी रहा है। इसके खिलाफ हरियाणा के महेन्द्रगढ़ में पूर्व से हत्या व मारपीट के प्रकरण दर्ज है, जिसमें हत्या के प्रकरण में जमानत पर चल रहा है।

इनामी गैंगस्टर राजवीर उर्फ लारा की तलाश एवं गिरफ्तारी करने वाली एजीटीएफ टीम में डीएसपी फूल चन्द, एसआई कमलेश चौधरी, एएसआई शैलेन्द्र शर्मा, हैड कांस्टेबल राम अवतार, कांस्टेबल बृजेश शर्मा, लोकेश कुमार निर्वाण एवं सुधीर कुमार शामिल थे। कांस्टेबल सुधीर कुमार की मुल्जिम राजवीर की गिरफ्तारी व एके -56 रायफल की बरामदगी में अहम योगदान रहा।

स्मैक तस्कर को तीन साल का कठोर कारावास

- **कोर्ट ने 30 हजार के जुर्माने से भी दंडित किया**

भीलवाड़ा, (निसं)। विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण जगदीश प्रसाद शर्मा ने स्मैक तस्करी के मामले में आरोपी को 3 साल के कठोर कारावास और 30 हजार के जुर्माने से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने बताया कि तत्कालीन बीगोद थाना प्रभारी आईपीएस प्रोबेशनर मृदुल कच्छावा ने 19 अप्रैल 2017 को सिंगपुरा-बड़लियास रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान सिंगपुरा की ओर से आई एक बाइक को चालक ने पुलिस को देखकर पुन: उसी दिशा में घूमाने का प्रयास किया। संदेह के आधार पर पुलिस ने बाइक को रुकवाकर चालक से पूछताछ की तो उसने खुद को जीवा का खेड़ा निवासी दयाल पुत्र चतर बंजारा बताया। पुलिस ने तलाशी ली तो दयाल के पास 30 ग्राम स्मैक मिली। पुलिस ने बाइक जब्त कर दयाल को गिरफ्तार किया। अनुसंधान के बाद आरोपित दयाल के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट पेश की। न्यायालय में ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक गुर्जर ने 8 गवाह और 43 दस्तावेज पेश कर दयाल पर लगे आरोप सिद्ध करवाये। न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने पर आरोपित दयाल को सजा सुनाई।

सैन्य अधिकारी के घर चोरी

बीकानेर, (निसं)। कैप्टन अंकित लठवाल की पत्नी अदिति ढ़ाका ने सदर थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वह अपने पति कैप्टन अंकित लठवाल के साथ 16 अप्रैल को नासिक गए थे। इस दौरान लांस नायक बलजिंदर सिह घर की देखभाल करते थे। बलजिंदर सिह ने 11 मई को क्वार्टर संभाला तो सही सलामत था। 17 मई को बलजिंदर ने वीडियो कॉल करके बताया कि क्वार्टर में चोरी हो गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अज्ञात चोर 40 ग्राम सोने के कड़े, 24.65 ग्राम सोने का ब्रेस्लेट, 15.92 ग्राम सोने की चेन, 4.5 ग्राम सोने के लॉकेट, 33.29 ग्राम सोने की नैकलेस, 2 जोड़ी कानों के टॉप्स, अंगूठी सहित अन्य जेवरात चोरी हो गए।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्
डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, राजीव गांधी विद्या भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302017
क्रमांक :- प.6/रास्कूलशिप/जय/संस्था/बा.शि./केजीबीवी-साक्षात्कार/2024-25/राजकाज 15332008 दिनांक :- 16/05/2025
साक्षात्कार सूचना
समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों में राजकीय शिक्षिकाओं/शिक्षक/वार्डन के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन हेतु स्थगित किये गये ऑनलाइन साक्षात्कार दिनांक 26.05.2025 से 06.06.2025 तक आयोजित किये जायेंगे।
राज.संवाद/सी/25/2732 उपायुक्त (बालिका शिक्षा)

Municipal Council Dholpur
No. – 12229-31 Date- 20.05.2025
Notice Inviting Tender
N.I.T. is invited on behalf of Governor of Rajasthan by Municipal Council Dholpur for diesel generator fixing work from Registered Contractor the amount of work is 11.88 lacs and UBN No. are has under.
UBN No- DLB2526WSOB05348
For detail visit www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in
Commissioner
Raj.Samwad/C/25/2710 Municipal Council Dholpur

कार्यालय नगर निगम जोधपुर-दक्षिण
क्रमांकः- एफ.10/SS-IV/2024-25/4572 दिनांकः- 20.05.2025
:: ई-निविदा सूचना ::
(UB NO. DLB2526WSOB05360)
नगर निगम जोधपुर-दक्षिण की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है।
महापौर — नगर निगम जोधपुर-दक्षिण
आयुक्त — नगर निगम जोधपुर-दक्षिण
राज.संवाद/सी/25/2739

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION DHOLPUR
File No. 218-21 Date 07.04.2025
Notice Inviting Bid
NIB code PWD2526A0460 and UBN is: PWD2526WSOB01386
NIB code PWD2526A0460 and UBN is: PWD2526WSOB01387
NIB code PWD2526A0460 and UBN is: PWD2526WSOB01388
NIB code PWD2526A0460 and UBN is: PWD2526WSOB01389
Bids For NIT No. 01/2025-26 Misc. Work of PWD Division Dholpur of subject matter(s) of Procurement are Invited from interested bidders date 09.05.2025 11.00 AM to Date 30.05.2025 upto 6.00 Noon. Other particulars of the id may be visited on the procurement portel (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 30.72 Lacs
(Saurabh Sharma)
Executive Engineer
DIPR/C/6230/2025 PWD Division Dholpur

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-करौली
क्रमांक-448-468 दिनांक-07/5/25
ई-निविदा सूचना संख्या-02/2025-26
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो / केन्द्रीय लोक निर्माण/ डाक एवं दुर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदको जो कि राज्य सरकार के एए ए बी सी डी श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओ से संबंधित विवरण बेवसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB CODE-PWD2526A0459
UBN No.- 1. PWD2526WSOB01382, 2. PWD2526WSOB01383
3. PWD2526WSOB01384, 4. PWD2526WSOB01385
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/6240/2025 सा. नि. वि. खण्ड करौली

कार्यालय नगर परिषद बून्दी
क्रमांकः- 1145 दिनांकः- 20.05.2025
-:: निविदा सूचना ::-
नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा संः निर्माण/2025-26/1113 दिनांक 19/05/2025 की निविदा दिनांक 19/05/2025 से दिनांक 30/05/2025 शायः 6.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 02/06/2025 को 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 02/06/2025 को 04.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/ eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2526WSOB05259, DLB2526WSOB05250, DLB2526WSOB05252, DLB2526WSOB05268, DLB2526WSOB05253, DLB2526WSOB05251, DLB2526WSOB05255, DLB2526WSOB05258, DLB2526WSOB05273, DLB2526WSOB05248, DLB2526WSOB05267, DLB2526WSOB05254, DLB2526WSOB05270, DLB2526WSOB05262, DLB2526WSOB05271, तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/2720 नगर परिषद, बून्दी

राज. बोर्ड : 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज आयेगा

- **एक साथ जारी होंगे साइंस, कॉमर्स व आर्ट्स के परिणाम**
- **शाम पांच बजे जारी होगा परिणाम, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर वीसी के जरिए जुड़ेंगे**

अजमेर, (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर वीसी के जरिए जुड़ेंगे। बोर्ड प्रशासक और संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा गुरुवार शाम पांच बजे परिणाम जारी करेंगे।

बोर्ड के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि साइंस, कॉमर्स व आर्ट्स संकायों का रिजल्ट एक साथ जारी किया जाएगा। इस साल कुल 8 लाख 93 हजार 616 स्टूडेंट परीक्षा के लिए पंजीकृत थे। इनमें से साइंस में 2 लाख 73 हजार 984, कॉमर्स में 28 हजार 250 आर्ट्स में 5 लाख 87 हजार 475 और वरिष्ठ उपाध्याय में 3907 छात्र पंजीकृत थे। 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू हुई थी। रिजल्ट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि स्टूडेंट अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे। पिछले साल की भांति इस साल भी तीनों संकायों का परिणाम एक साथ जारी किया जा रहा है। शर्मा ने बताया कि बोर्ड की ओर से दसवीं कक्षा का परिणाम भी शीघ्र ही घोषित किया जाएगा। इसकी तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

पॉक्सो के आरोपी कैदी ने सेवर जेल में फांसी लगाई, मौत

- **पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था कैदी**
- **कुछ दिनों पहले ही आरबीएम अस्पताल के जेल वार्ड से फरार हो गया था**

भरतपुर, (निसं)। सेवर स्थित सेंट्रल जेल में एक कैदी ने हाई सिक्योरिटी बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक कैदी पोक्सो मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। कुछ दिनों पहले ही वह आरबीएम अस्पताल के जेल वार्ड से फरार हो गया था, जिसके बाद करौली पुलिस ने उसे भरतपुर पुलिस को सौंप दिया था। कैदी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। जेल प्रशासन को सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

सेवर थाना अधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि सेवर जेल के जेलर मुकेश मीणा ने बताया था कि राजवीर पुत्र बलराम ने फांसी लगा ली है। मृतक जेल की बैरक नंबर 5 में था। इसमें दूसरा कैदी था वह सो रहा था। पुलिस की टीम ने कैदी के शव को नीचे उतारा। फिलहाल उसके शव को आरबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है। राजवीर पुत्र बलराम को करौली पॉक्सो कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई हुई थी। 5 मई को बलराम आरबीएम अस्पताल के जेल वार्ड से फरार हो गया था। 19 मई को पुलिस ने इसे पकड़कर कल जेल भेजा था। कैदी ने रोशनदान में साफी को फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगाई है। आरोपी बलराम (35) को 3 मई को आरबीएम अस्पताल के जेल वार्ड में एडमिट किया गया था। उसकी तबियत ख़राब थी। 5 मई को बलराम आरबीएम अस्पताल के जेल वार्ड से फरार हो गया। 19 मई को बलराम करौली पुलिस ने पकड़कर भरतपुर पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद कल उसे कोर्ट में पेश किया गया। कल भरतपुर कोर्ट ने बलराम को वापस सेवर जेल भेज दिया। आज उसने बैरेक नंबर पांच में रोशनदान से लटककर फांसी लगा ली।

दुष्कर्म के आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा : बीकानेर में पुलिस ने एक फैक्टरी में काम करने वाले श्रमिक परिवार की 10 साल की बच्ची दुष्कर्म के आरोपी दो अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। फैक्टरी में काम करने वाले श्रमिक परिवार की 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने पीड़िता के पड़ोस में रहने वाले पश्चिम बंगाल निवासी नरेश प्रधान और रिंकू बर्मन को गिरफ्तार किया था। मामले की जांच कर रहे सीओ सिटी श्रवणदास संत ने दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। निवाई थाना पुलिस ने मोटरसाइकिलें चोर करने के मास्टर माईंड शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अब तक करीब डेढ दर्जन मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि परिवादी राजेश मीणा पुत्र जगदीशप्रसाद मीणा ने मामला दर्ज करवाया था कि वर्धमान डेंटल हॉस्पीटल के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल को चुराकर ले गया। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम का गठन किया। मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा करने हेतु अलग-अलग जगह टास्क देकर टीमों द्वारा आरोपी नन्दलाल उर्फ नन्दा पुत्र हरचन्द कुमावत निवासी कुमावतों का नयागांव पुलिस थाना केकड़ी शहर जिला अजमेर से दबिश देकर गिरफ्तार किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत के मामले में प्रदर्शन जारी

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत के मामले में 24 घंटे बाद भी बुधवार को प्रदर्शन खत्म नहीं हुआ है। परिजनों ने पुलिस पर जबरन मृतका के शव का पोस्टमार्टम करने का आरोप लगाते हुए एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार कृष्णा हॉस्पिटल में रायपुर तहसील के केसरपुरा गांव की रहने वाली सुखी देवी पत्नी जमुनालाल बैरवा को बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए गत दिनों भर्ती करवाया गया था, जहां मंगलवार को अचानक उसकी ऑपरेशन के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया और दोषी चिकित्सा कर्मियों पर कार्रवाई की मांग और मुआवजे को लेकर परिजनों में प्रदर्शन किया। हंगामा शांत करने के लिए पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने समझाइश की, लेकिन कल जब देर शाम तक भी बात नहीं बनी तो पुलिस ने जबरन मृतका के शव का एमजी हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। वहीं बुधवार को सवेरे 8 बजे से ही परिजन एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर जमा हो गए और बड़ी संख्या में समाज के लोगों की मौजूदगी हॉस्पिटल मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने जबरन मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाया है, जबकि परिजनों की सहमति नहीं थी। परिजनों ने दोषी चिकित्सकों पर कार्रवाई और उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया, फिलहाल आक्रोशित समाज के लोग और परिजनों का प्रदर्शन एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर जारी है। 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी मामले में अब तक भी परिजनों को न्याय नहीं मिल पाया है। वहीं अस्पताल प्रशासन का तर्क है कि महिला की मौत अटैक से हुई है ना कि अस्पताल की लापरवाही से। हालांकि यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि महिला की मौत किन कारणों से हुई।

बीकानेर को एक और नई ट्रेन मिलेगी

बीकानेर, (निसं)। बीकानेर को मुंबई के लिए एक नई ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। 21903/21904 नंबर की यह ट्रेन मुंबई के बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर के बीच चलेगी। इस ट्रेन की सेवा साप्ताहिक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को देशनोक रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस नई साप्ताहिक ट्रेन के संबंध में अधिसूचना रेलवे बोर्ड द्वारा जारी कर दी गई है। 22 मई को पीएम मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उसके बाद इस ट्रेन की नियमित सेवा प्रारंभ होगी। गाड़ी संख्या 21903 अप प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से रात्रि 23:25 बजे रवाना होगी।

युवकों ने नाबालिग से दुष्कर्म किया

- **वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया, मामला दर्ज, घटना के बाद से पीड़िता मानसिक तनाव में**

नोखा, (निसं)। यहां एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने नोखा थाने में दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता ने बताया कि मई 2024 में वह दुकान जा रही थी। राजकीय स्कूल के पास उसके गांव का एक युवक और उसका साथी मिले। गांव के युवक ने उसे गर्मियों की छुट्टियों के दौरान स्कूल के बरामदे में बैठकर बात करने को कहा। पीड़िता के मना करने पर दोनों युवक उसे जबरन स्कूल के शौचालय में ले गए। वहां दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान एक आरोपी ने घटना का वीडियो बना लिया। आरोपियों ने पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार प्रताड़ित किया। उन्होंने उसे अन्य जगहों पर बुलाने का दबाव बनाया। मना करने पर उन्होंने कथित अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह इस घटना के बाद से मानसिक तनाव में है।

कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज0)
Phone No- (07459) 220016 Email-mbramganjmandi@rajasthan.gov.in
क्रमांक : न.पा.रा./2025/829-31 दिनांक 20.05.2025
ई-निविदा सूचना 01/2025-26
नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत एवं विभागों में AA,A,B, Class एवं उपयुक्त श्रेणी संवेदको से लिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 20.05.2025 से 05.06.2025 एवं अपलोड करने की दिनांक 20.05.2025 से 05.06.2025 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी./निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि 06.06.2025 समय दोपहर : 02.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 06.06.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
NIB -DLB2526A1527 UBN - DLB2526GSOB05335
अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/2703 नगरपालिका रामगंजमण्डी

कार्यालय नगरपरिषद डूँगरपुर (राज.)
Tel.:-02964&232459, फैक्स :- 02964-233690, Email Id :- npd.dpr@gmail.com
क्रमांकः- स्टोर/न.प.डूँ/2025-26/679 दिनांक :-14.05.2025
निविदा सूचना संख्या 05/2025-26
नगरपरिषद डूँगरपुर के ओर से कार्य के अनुभवी एवं स्थानीय व्यवसायीयों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in/www.sppp.raj.gov.in पर उपलब्ध है।

कुल निविदा के कार्य	:	1 कार्य
निविदा की लागत	:	11.00 लाख
कुल धरोहर राशि	:	अनुमानित लागत की दो प्रतिशत 22000/-
ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख	:	14.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से 27.05.2025 सांय 6.00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख	:	14.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से 27.05.2025 सांय 6.00 बजे तक
कार्यालय में डी.डी.जमा कराने की तारीख	:	28.05.2025 दोपहर 2.00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख	:	29.05.2025 प्रातः 11.00 बजे से

UBN NO. DLB2526SLOB04692
सभापति — नगरपरिषद डूँगरपुर (राज.)
आयुक्त — नगरपरिषद डूँगरपुर (राज.)
राज.संवाद/सी/25/2717

लोगों को मारकर मगरमच्छ को खिलाने वाले डॉक्टर डेथ को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया

आरोपी को दिल्ली पुलिस ने जाल बिछाकर दौसा जिले के ग्राम गुढाकटला में स्थित रामेश्वर धाम आश्रम से गिरफ्तार किया

- **डॉक्टर डेथ रामेश्वर धाम आश्रम में पुजारी का भेष बनाकर रह रहा था तथा खुद का नाम संत दयादास बताता था**
- **गिरफ्तारी से पूर्व दिल्ली पुलिस ने आश्रम की रैकी की तथा दवा लेने के बहाने डॉक्टर डेथ को गिरफ्तार किया**

दौसा, (निसं)। लोगों को मारकर मगरमच्छ को खिलाने वाले डॉक्टर डेथ को दिल्ली पुलिस ने जाल बिछाकर दौसा जिले के ग्राम गुढाकटला में स्थित रामेश्वर धाम आश्रम से गिरफ्तार कर लिया। डॉक्टर डेथ रामेश्वर धाम आश्रम में पुजारी का भेष बनाकर रह रहा था तथा खुद का नाम संत दयादास बताता था। गिरफ्तारी से पूर्व दिल्ली पुलिस ने आश्रम की रैकी की तथा दवा लेने के बहाने डॉक्टर डेथ को गिरफ्तार किया।

आयुर्वेदिक डॉक्टर से सीरियल किलर बना देवेंद्र शर्मा (67) पिछले साल पैरोल पर छूटने के बाद से फरार था। शर्मा के खिलाफ कई लोगों की हत्या का मामला दर्ज है। उसे दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा में सात अलग-अलग मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और गुरुग्राम की एक अदालत ने उसे मृत्युदंड भी दिया था। पुलिस को संदेह है कि वह 50 से ज्यादा हत्याओं के मामलों में संलिप्त है। सूत्रों ने बताया कि 2002 से 2004 के बीच कई टैक्सी और ट्रक चालकों की नृशंस हत्याओं के लिए तिहाड़ जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। वह अगस्त 2023 में पैरोल पर बाहर आया था। बताया जाता है कि शर्मा और उसके साथी ड्राइवरों को फर्जी यात्रा के लिए बुलाते थे, उनकी हत्या करते थे और उनके वाहनों को ब्लैक मार्केट में बेच देते थे। इसके बाद सभी सबूत मिटाने के लिए शवों को उत्तर प्रदेश के कासगंज में हजारा नहर के मगरमच्छों से भरे पानी में फेंक दिया जाता था।

सूत्रों ने बताया कि शर्मा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें हत्या, अपहरण और डकैती के कम से कम 27 मामले शामिल हैं। वह पहली बार 1995 से 2004 के बीच अवैध गुर्दा प्रतिरोपण रैकेट चलाने के लिए कुख्यात हुआ था। बीएएमएस (आयुर्वेदिक चिकित्सा और सर्जरी में स्नातक) डिग्रीधारक शर्मा ने 1984 में राजस्थान में एक क्लिनिक खोला था। उसने पुलिस के सामने कई राज्यों में डॉक्टरों और बिचौलियों की मदद से 125 से अधिक अवैध प्रतिरोपण कराने की बात कबूल की थी। सूत्रों ने बताया कि 1995 से 2004 के बीच उसने एक गिरोह बनाया जो कथित तौर पर एलपीजी सिलेंडर ले जा रहे ट्रकों को रोकता था, चालकों को मारता था और खेप चुरा लेता था। उसने टैक्सी चालकों की लक्षित हत्याएं भी कीं। सूत्रों ने बताया कि उसका गिरोह ट्रक को कबाड़ के तौर पर बाजार में बेच देता था। इस दौरान शर्मा पर दो दर्जन से ज़्यादा लोगों की हत्या करने का संदेह है। वह एक गिरोह का भी हिस्सा था और कथित तौर पर हर मामले के लिए सात लाख रुपये वसूल करता था।

शर्मा को गुर्दा गिरोह और सिलसिलेवार हत्याओं के संबंध में 2004 में गिरफ्तार किया गया था। शर्मा तिहाड़ जेल में अपनी सजा काट रहा था और अगस्त 2023 में पैरोल पर रिहा होने के बाद से फरार था। अपराध शाखा को उसकी तलाश का काम सौंपा गया था। अलीगढ़, जयपुर, दिल्ली, आगरा और प्रयागराज सहित कई शहरों में छह महीने तक चले अभियान के बाद टीम ने उसके दौसा के ग्राम गुढाकटला धाम आश्रम में होने का पता लगाया, जहां वह झूठी पहचान के साथ आध्यात्मिक व्यक्ति के रूप में रह रहा था। यह पहली बार नहीं है जब शर्मा पैरोल पर छूटने के बाद फरार हुआ था। उसे 28 जनवरी, 2020 को 20 दिन की पैरोल दी गई थी, लेकिन जुलाई में अपराध शाखा द्वारा दिल्ली से गिरफ्तार किए जाने से पहले वह सात महीने तक फरार रहा था।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि डॉक्टर डेथ की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने गुढाकटला के आसपास अपना डेरा जमा लिया, गिरफ्तारी से पूर्व दिल्ली पुलिस ने आसपास की रैकी की तथा मरीज बनकर दवा लेने पहुंच गए। दवा देते वक्त डॉक्टर डेथ को गिरफ्तार कर लिया। डॉक्टर डेथ ने 7 हजार रुपये में मकान किराए पर ले रखा था, जिसने वृद्ध आश्रम खोलकर अपने मंसूबों को अंजाम देने की योजना बना रहा था। आश्रम में ऐशो आराम की जिंदगी जीने के लिए एसी-कूलर लगा रखे थे। संत दयादास के नाम से रहता था। 2002 के आसपास बांदीकुई के गुढाकटला रोड़ पर जनता क्लिनिक खोल रहा था। पहली गिरफ्तारी बांदीकुई से दो हत्याओं के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)
क्रमांक :- कृ.उ.म.स./सुविधा/2025-26/94-106 दिनांक :- 14/05/2025
कृषि उपज मण्डी समिति श्रीडूंगरगढ़ द्वारा निम्नांकित व्यवस्थाओं/सेवाओं के संचालन के लिए उपापन ठेका पद्धति द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों/सदभावी व्यवहारियों से मोहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है। निम्न सारणी में वर्णित कार्यो की निविदा/ बोली आमंत्रण सम्बन्धित विवरण एवं शर्तो का http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य/व्यवस्था का विवरण	अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा शुल्क (रु. में)	निविदा प्रपत्र बेचने की अन्तिम दिनांक व समय	निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की दिनांक व समय	प्राप्त निविदाएँ खोलने की दिनांक व समय
1.	मुख्य मण्डी प्रांगण में विद्युत व्यवस्था UBN (DAM2526SSOB00106)	3.00	6000/-	500/-	27.05.2025 दोपहर 1200 बजे तक	27.05.2025 सांय 5.00 बजे तक	28.05.2025 दोपहर 2.00 बजे
2.	मुख्य मण्डी प्रांगण में चौकीदारी संचालन UBN (DAM2526SSOB00107)	9.80	19600/-	500/-			
3.	मुख्य मण्डी प्रांगण में प्याऊ संचालन UBN (DAM2526SSOB00108)	2.50	5000/-	500/-			
4.	मुख्य मण्डी प्रांगण में सफाई व्यवस्था UBN (DAM2526SSOB00109)	9.80	19600/-	500/-			
5.	मुख्य मण्डी प्रांगण हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर ठेका UBN (DAM2526SSRC00105)	9.50	19000/	500/-			
6.	कियोस्क संख्या 01 व 02 UBN (DAM2526SSOB00110)	-	15000/-	300/-	27.052025 दोपहर 12.00 बजे तक	27.05.2025 साय 5.00 बजे	खुली बोली द्वारा 28.05.2025 दोपहर 1.00 बजे

नोट : बोली आमंत्रण सूचना सम्बन्धित नियम/शर्ते सम्बन्धी बोली दस्तावेज उपरोक्त तालिका में दिए निर्धारित शुल्क अनुसार जमा करवाकर कृषि उपज मण्डी समिति श्रीडूंगरगढ़ कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में निर्धारित दिनांक एवं समय तक कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते है।
NIB Code :- DAM2526A0079
प्रशासक — कृषि उपज मण्डी समिति श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)
सचिव — कृषि उपज मण्डी समिति श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर)
राज.संवाद/सी/25/2700